Final Year Examination of the Three-year
Degree Course, 2001

(मुख्य परीक्षा)

(Faculty of Humanities)
HINDI LITERATURE
Paper - I
(आधुनिक काव्य)

Time : Three Hours
Maximum Marks : 100

1. निम्न अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) कितने प्याले हिल जाते है,
गिर मिट्टी में मिल जाते है,
जो गिरते है कब उठते है,
पर बोलो टूटे प्यालों पर
कब मदिरालय पछताता है!
जो बीत गई सो बात गई!

अथवा

सदियों की ठंडी-बुझी राख सुगबुगा उठी,
मिट्टी सोने का ताज पहन इठलाती है;
दो राह, समय के रथ का घर्घर नाद सुनो
सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। 10

(ख) द्रुत झरो जगत के जीर्ण पत्र
हे स्रस्त ध्वस्त है शुष्क शीर्ण!
हिम-ताप-पीत, मधुवात-भीत,
तुम वीतराग, जड़, पुराचीन!!
निष्प्राण विगत युग! मृत विहंग!
जड़ नीड़ शब्द औ श्वास हीन
च्युत अस्तव्यस्त पंखों-से तुम
झर-झर अनंत में हो विलीन!

अथवा

वे हुलसित हैं
अपनी ही फसलों में डूब गए हैं
तुम हुलसित हो
चितकबरी चाँदनियों में खोए हो
उनकों दुख है
नये आम की मंजरियों को पाला मार गया है
तुमको दुख है
काव्य-संकलन दीमक चाट गए है। 10

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com

(ग) किंतु नहीं!
जीवित रहूंगा मैं
अंधे बर्बर पशु सा
हो सत्य धर्मराज की।
मेरी इस पसली के नीचे
दो पंजे उग आएं
मेरी ये पुतलियाँ
बिन दाँतों के चोथ खायें
पायें जिसे!
वध, केवल वध, केवल वध
अंतिम अर्थ बने
मेरे अस्तित्व का।

अथवा

मेरा अपराध सिर्फ इतना है
सत्य पर रहा मैं दृढ़
द्रोण भीष्म
सबके सब महारथी
नहीं जा सके
दुर्योधन के विरूद्ध
फिर भी मैने कहा
पक्ष मैं असत्य का नहीं लूँगा
मैं भी हूँ कौरव
पर सत्य बड़ा है कौरव वंश से। 10

2. पंत प्रकृति के कवि है। सोदाहरण समझाइये। 15

अथवा

निराला की निरंतर विकासशील काव्य-चेतना को अपनी पाठ्य-पुस्तक में संकलित कविताओं के साक्ष्य से समझाइये।

3. हरिवंशराय बच्चन की काव्यगत विशेषताएं बताइए। 15

अथवा

अज्ञेय की शिल्प-चेतना की सोदाहरण विवेचना कीजिए।

4. 'कथा-ज्योति की है अंधों के माध्यम से' इस पंक्ति के आधार पर 'अंधा युग' की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

अश्वत्थामा की चारित्रिक विशेषताएं सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

5. छायावादी हिंदी कविता की प्रवृतियों की समालोचना कीजिए। 15

अथवा

भारतेंदुयुगीन हिंदी कविता में व्यक्त राष्ट्रीय चेतना का मूल्यांकन कीजिए।

6. प्रगतिवादी हिंदी कविता की विशेषताओं का समाकलन कीजिए। 10

अथवा

प्रयोगवादी हिंदी कविता के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए।

PDF created with FinePrint pdfFactory trial version http://www.fineprint.com